गृह मंत्रालय

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने 'हर घर तिरंगा'अभियान के तहत आज नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर तिरंगा फहराया और तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी भी साझा की

स्वतंत्रता दिवस से पहले आकाश में फहराते करोड़ों तिरंगे भारत को फिर से महान बनाने की देश की संयुक्त इच्छाशक्ति का प्रतीक हैं

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा शुरू किया गया 'हर घर तिरंगा'अभियान देशभर में चल रहा है

मेरा भारत के नागरिकों से निवेदन है कि वे अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएं और अपनी सेल्फी harghartiranga.comपर अपलोड करें और अपने साथी नागरिकों को भी इसके लिए प्रेरित करें

श्री अमित शाह ने कहा, भारत की एकता और भाइचारे की भावना के तहत उन्होंने दिल्ली स्थित अपने आवास पर तिरंगा फहराया

प्रविष्टि तिथि: 14 AUG 2023 1:09PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने 'हर घर तिरंगा'अभियान के तहत आज नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर तिरंगा फहराया और तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी भी साझा की। ट्वीट्स के माध्यम से श्री अमित शाह ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस से पहले आकाश में फहराते करोड़ों तिरंगे भारत को फिर से महान बनाने की देश की संयुक्त इच्छाशक्ति का प्रतीक हैं।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा शुरू किया गया 'हर घर तिरंगा' अभियान देशभर में चल रहा है। उन्होंने भारत के सभी नागरिकों से निवेदन करते हुए कहा कि वे भी अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएं और अपनी सेल्फी harghartiranga.com पर अपलोड करें। उन्होंने सभी से अपने साथी नागरिकों को भी इसके लिए प्रेरित करने का अनुरोध किया। श्री शाह ने कहा कि उन्होंने भारत की एकता और भाइचारे की भावना के तहत दिल्ली स्थित अपने आवास पर तिरंगा फहराया। गृह मंत्री ने ट्वीट के माध्यम से 'हर घर तिरंगा' अभियान में भाग लेने के लिए प्राप्त हुआ Certificate of Appreciation भी साझा किया।

Amit Shah
@AmitShah · **Follow**

Under the #HarGharTiranga campaign, hoisted the Tiranga atop my residence today.

Millions of Tirangas billowing in Indian skies before Independence Day symbolize the nation's collective will to make India the paragon of greatness again.

11:38 AM · Aug 14, 2023

13.6K Reply Share

Read 404 replies

Amit Shah
@AmitShah · Follow

As the #HarGharTiranga campaign called for by PM @narendramodi Ji is underway it is my earnest appeal to the people of India to hoist the National Flag at their homes and upload selfies on harghartiranga.com.
Also please encourage fellow citizens to do the same.

Cherishing... Show more

11:42 AM · Aug 14, 2023

5.4K Reply Share

Read 483 replies

*****

आरके / एसएम / आरआर

(रिलीज़ आईडी: 1948459) आगंतुक पटल : 175

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Marathi , Manipuri , Punjabi , Gujarati , Tamil , Kannada , Malayalam